उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या-68/2019/894/92-2-2019-93(जॉच)/2017,
लखनऊ :: दिनांक:: 24 अप्रैल, 2019

कार्यालय-ज्ञाप

ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पैकेज संख्या-67116 के सम्पर्क मार्ग आर0एस0 रोड से असनहरा के निर्माण कार्यों हेतु कार्टेज की मिट्टी का प्राविधान नहीं होने के कारण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रनिंग बिल का बिना माप पुस्तिका से परीक्षण किये भुगतान की संस्तुति करने, अव्यवहारिक एवं त्रुटिपूर्ण गणना का चेक किये बिना भुगतान कराने, कार्यों पर शिथिल नियंत्रण एवं रू0 28,89,284.41 की शासकीय क्षति कारित करने आदि के लिए प्रथम द्रष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1006/2018/92-2-2018-93(जॉच)/2017, दिनांक 26.04.2018 श्री शिव शंकर सिंह, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र सम्प्रति सेवानिवृत्त के विरूद्ध सी0एस0आर0 के अनुच्छेद-351ए के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए प्रकरण की जांच हेतु मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी तथा प्रकरण में विभागीय पक्ष/अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र को पदेन प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नामित किया गया।

2- जांच अधिकारी मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-160/एस0टी0 /ग्रा0अ0वि0/अनु0जांच-सोनभद्र/ 2017-18, दिनांक 22.05.2018 द्वारा जांच अधिकारी परिवर्तित किये जाने हेतु किये गये अनुरोध के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-84/2018/1770/92-2-2018-93(जॉच)/2017, दिनांक 11.07.2018 द्वारा जांच अधिकारी परिवर्तित करते हुए मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के स्थान पर मुख्य अभियन्ता (पूर्वी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया। पुनः जांच अधिकारी/मुख्य अभियंता (पू0क्षे0) ग्रा0अ0वि0, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0-1069/ग्रा0अ0वि0/अनु0जांच/एस0टी0-120 पार्ट-2/18-19 दि0 18-01-19 द्वारा जांच अधिकारी परिवर्तित किये जाने हेतु किये गये अनुरोध के क्रम में शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-37/2019/492/92-2-19-93जांच/2017 दिनांक 26-02-2019 द्वारा जांच अधिकारी परिवर्तित करते हुये मुख्य अभियन्ता (पूर्वी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के स्थान पर एस0एन0 पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता, परि0-वाराणसी को जांच अधिकारी नामित किया गया।

3- जांच अधिकारी/श्री एस0एन0 पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परि0-वाराणसी के पत्र सं0-1749/ग्रा0अ0वि0/जांच/2018-19, दि0 01.03.2019 द्वारा प्रश्नगत प्रकरण की प्रारम्भिक जांच में उनके सम्मिलित होने का उल्लेख करते हुये जांच अधिकारी परिवर्तित किये जाने हेतु किये गये अनुरोध के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त जांच अधिकारी परिवर्तित करते हुए श्री एस0एन0 पाण्डेय, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परि0-वाराणसी के स्थान पर श्री एम0एम0 हुसैन, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ को जांच अधिकारी नामित किये जाने की एतदद्वारा श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

अनुशासनिक प्राधिकारी की ओर से,

वी0 के0 सिंह
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-68/2019/894(1)/92-2-2019 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।

2- जॉच अधिकारी/श्री एम0एम0 हुसैन, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत अनुशासनिक जांच से संबंधित अभिलेख पूर्व जांच अधिकारी/श्री एस0एन0 पाण्डेय, अधी0अभियंता, ग्रा0अभि0वि0, परि0-वाराणसी से प्राप्त कर नियमानुसार जांच कार्यवाही पूर्ण करते हुए जांच आख्या शासन में निर्धारित समयावधि मे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- पूर्व जॉच अधिकारी/श्री एस0एन0 पाण्डेय, ग्रा0अभि0वि0, परि0-वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि जांच अधिकारी/श्री एम0एम0 हुसैन, अधी0अभि0, ग्रा0अभि0वि0, परि0-लखनऊ को प्रश्नगत अनुशासनिक जांच से संबंधित सभी अभिलेख उपलब्ध कराते हुये शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें ।

4- प्रस्तुतकर्ता अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

5- श्री शिव शंकर सिंह, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र सम्प्रति सेवानिवृत्त द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

6- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अवध नारायण)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।